सरदार वल्लभभाई पटेल कृषि एवं
प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय,
मेरठ–250110 (उ0प्र0)

कुलसचिव
Registrar

Sardar Vallabhbhai Patel
University of Agriculture
&Technology,
Meerut-250110 (U.P.)

Ref. No. SVP/2023/R/014
Date: 20/02/2023

कार्यालय आदेश

उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश संख्या 55/2023–कृशिअ—67–500(19)/13टी सी दिनांक 03 फरवरी, 2023 के माध्यम से विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में विज्ञापित विज्ञापन संख्या VII/2021 दिनांक 11.11.2021 के द्वारा कॉलेज ऑफ हॉर्टीकल्चर, कॉलेज ऑफ पोस्ट हार्वेस्ट टैक्नोलॉजी एवं फूड प्रोसेसिंग, कॉलेज ऑफ टैक्नोलॉजी व कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर के विज्ञापित सहायक प्राध्यापक के 51 पद, विज्ञापन संख्या I/2022 दिनांक 09.04.2022 के द्वारा कॉलेज ऑफ हार्टीकल्चर, कॉलेज ऑफ पोस्ट हार्वेस्ट टैक्नोलॉजी एवं फूड प्रोसेसिंग, कॉलेज ऑफ टैक्नोलॉजी, कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर व कॉलेज ऑफ बॉयोटैक्नोलॉजी के विज्ञापित सह प्राध्यापक के 25 पद तथा विज्ञापन संख्या II/2022 के द्वारा कॉलेज ऑफ हार्टीकल्चर, कॉलेज ऑफ पोस्ट हार्वेस्ट टैक्नोलॉजी एवं फूड प्रोसेसिंग, कॉलेज ऑफ टैक्नोलॉजी, कॉलेज ऑफ एग्रीकल्चर व कॉलेज ऑफ बॉयोटैक्नोलॉजी के विज्ञापित प्राध्यापक के 17 पदों सहित समस्त कुल 93 पदों के संबंध में प्रचलित समस्त चयन प्रक्रिया को तत्काल प्रभाव से निरस्त करते हुए इसके आलोक में यथा आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। जिसके क्रम में विश्वविद्यालय की माननीय प्रबंध परिषद की 52वीं बैठक दिनांक 17 फरवरी, 2023 द्वारा उपरोक्तानुसार समस्त चयन प्रक्रिया को निरस्त करने एवं उपरोक्त समस्त 93 पदों हेतु पुनः शीघ्र विज्ञापन विज्ञापित करने हेतु अनुमोदन किया गया है। पुनः विज्ञापन होने पर पूर्व में आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों से आवेदन शुल्क नहीं लिया जायेगा। उपर्युक्त पदों के पुनः विज्ञापन से पूर्व विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शैक्षिक योग्यताओं/अन्य योग्यताओं/स्कोर कार्ड इत्यादि पर पुनः गहनतापूर्वक परीक्षण करते हुए विज्ञापन शीघ्र ही विज्ञापित कराये जायेंगे।

यह आदेश माननीय कुलपति जी के अनुमोदन उपरान्त जारी किया जा रहा है।

20/02/23
कुलसचिव

प्रतिलिपिः

1. अपर मुख्य सचिव, कृषि एवं कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान, उ0प्र0 शासन, लखनऊ को सूचनार्थ।
2. प्रमुख सचिव, महामहिम कुलाधिपति, राज्यपाल सचिवालय, उत्तर प्रदेश लखनऊ को सूचनार्थ।
3. वित्त नियंत्रक/सचिव, माननीय प्रबंध परिषद, स0व0प0 कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ
4. निदेशक प्रशासन एवं अनुश्रवण, स0व0प0 कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
5. प्रभारी अधिकारी आई0टी0 सैल, स0व0प0 कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, मेरठ को इस आशय के साथ प्रेषित है कि विश्वविद्यालय की बेवसाइट पर अपलोड करें।
6. समस्त कृषि विश्वविद्यालय एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के समस्त संस्थान
7. समस्त नोटिस बोर्ड

20/02/2023
कुलसचिव

Scanned by TapScanner